
हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 33 .3 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

12 ट्रक से टक्कर लगने पर कार हुई क्षतिग्रस्त शिक्षिका घायल



12 कीट प्रबंधन तकनीकें विकसित करने की सलाह



## खबर संक्षेप

### हकृवि में 26 की प्रवेश परीक्षा अब 3 अगस्त को

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्यूनिटी साइंस, मास्टर ऑफ फिशरीज़ साइंस (एमएफएससी) तथा मास्टर ऑफ टेक्नालोजी (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) की प्रवेश परीक्षा जो 26 जुलाई को आयोजित की जानी थी वह अब 3 अगस्त को होगी। यह सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर डाल दी गई है।

### गुजवि ने कई परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि एमएससी फूड टेक्नोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एमएससी साइकोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, आदि के परीखा परिणाम धोषित किए हैं।

### ऑटो चालक का ड्रिंक ड्राइव का 22 हजार का चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन कर नशे में ऑटो रिक्शा चला रहे ऑटो चालक का ड्रिंक ड्राइव का 22 हजार रुपए का चालान कर उसके ऑटो रिक्शा को इंपाउंड किया गया है। ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान बस स्टैंड के नजदीक एक ऑटो को रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि उसने शराब पी रखी है, जिस कारण ट्रैफिक पुलिस ने कुल 22 हजार रुपये का चालान कर उसके ऑटो को इंपाउंड किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग को सरकार दे रही पूरा सम्मान : गिल

**बरवाला।** भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल बरवाला अध्यक्ष विनोद गिल राजली ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ा वर्ग को पूरा मान सम्मान दिया जा रहा है। भाजपा ने पिछड़े वर्ग के नेता को हरियाणा के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री के रूप में जनता का सौपा है। उसके बाद भी हो रही नियुक्तियों में पिछड़े वर्ग के नेताओं को उपयुक्त स्थान दिया जा रहा है। विनोद गिल ने कहा कि नगर परिषद व नगरपालिका में भी जो मनोनीत पार्षदों की नियुक्तियां हुई है उसमें भी पिछड़ा वर्ग को काफी महत्व दिया जा रहा है।

### सरकार ने पिछड़ा वर्ग का सम्मान बढ़ाया : अजय

**हिसार।** अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा के हरियाणा प्रभारी अजय कांत जांगड़ा ने कहा है कि ओबीसी वर्ग को केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा में भी पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में देने का भारतीय जनता पार्टी का फैसला ऐतिहासिक साबित होगा।

अजय कांत जांगड़ा ने कहा कि इस सम्बंध में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल से 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग रखी थी। इस पर एक कमेटी बनाई गई थी जिसमें राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक रामकुमार कश्यप विधायक अभय यादव, ओपी यादव आदि शामिल थे। पिछड़ा वर्ग की यह मांग बहुत पुरानी है। समस्त पिछड़ा वर्ग में खुशी की लहर है।

निजी स्कूल संचालक सड़क पर उतरे सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

# प्रिंसिपल पानू की हत्या किए जाने के विरोध में प्राइवेट स्कूल रहे बंद





हिसार। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संचालक और लघु सचिवालय गेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते प्राइवेट स्कूल संचालक व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

1. गांव बास के करतार सिंह मेमोरियल स्कूल प्रिंसिपल जगबीर सिंह पानू की निर्मम हत्या का मामला
2. प्रिंसिपल पानू को शहीद का दर्जा देने की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव बास बादशाहपुर स्थित करतार मेमोरियल स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर पन्नू की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार को जिले के सभी निजी स्कूल बंद रहे। प्राइवेट स्कूलों के सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं स्कूल संचालक लघु सचिवालय के सामने सेक्टर 15 के पार्क में एकत्रित हुए।

उसके बाद प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय मुख्य गेट पर पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान करतार मेमोरियल स्कूल स्टाफ सबसे आगे चल रहा था। इसके बाद निजी स्कूल संचालकों ने नायब तहसीलदार नवदीप राठी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तथा मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने की मांग की। सभी पदाधिकारियों ने गुरु पूर्णिमा पर करतार सिंह मेमोरियल स्कूल बास प्रिंसिपल जगबीर सिंह पानू की निर्मम हत्या घोर निंदा की। हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडु ने कहा कि प्रिंसिपल जगबीर पानू की निर्मम हत्या ने शिक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया है। प्रिंसिपल पन्नू ने छात्रों को अनुशासन के प्रति समझाया, जिससे नाराज़ होकर कुछ छात्रों ने चाकू से गोदकर उनकी हत्या कर दी। इस हृदयविदारक घटना से समूचे प्रदेश में निजी स्कूल संचालकों और शिक्षकों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जगबीर पानू एक समर्पित शिक्षाविद थे जिन्होंने बच्चों का भविष्य संवारने के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया।

**यह रहे उपस्थित :** इस अवसर पर हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडु, सीबीएसई के प्रधान डीएस राणा, सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सेठी, राजपाल सिंधु, एचके शर्मा , जगदीश भैरो, तेलूराम, नरेंद्र सेठी, दलवीर पंघाल, बलबीर वर्मा, प्रदीप पूनिया, विरेन्द्र यादव, रविंद्र अत्री, अजित, ईश्वर, रोहतास, प्रदीप यादव, अनूप लोहान, दिनेश मोर, राजेन्द्र अत्री, नवीन महता, प्रवीण गर्ग, अनिल रापड़िया, अशोक शर्मा बास, अनिल हांसी, आदि मौजूद रहे।

### निजी स्कूल संचालकों की प्रमुख मांगें

- मृतक प्रिंसिपल पानू के परिजनों को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए।
- मृतक प्रिंसिपल जगबीर पानू को शहीद का दर्जा दिया जाए।
- परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले।
- राज्य में तत्काल प्रभाव से स्कूल सेफ्टी एक्ट बनाया जाए।
- राज्य के सभी स्कूल प्रिंसिपल को आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार रखने की अनुमति दी जाए।
- अध्यापक सुरक्षा अधिनियम पारित किया जाए, जिसमें शिक्षकों के खिलाफ हिंसा करने वालों पर सख्त कानूनी प्रावधान हो।
- सुबह स्कूल लगने व छुट्टी के समय एक पुलिस पीसीआर की तैनात की जाए।
- आरोपी छात्रों को कठोर से कठोर सजा मिले, चाहे वे नाबालिग ही क्यों न हों।

### यह था मामला

गत 10 जुलाई को गांव बास के करतार सिंह मेमोरियल स्कूल के संचालक पुट्ठी निवासी जगबीर पानू की स्कूल के ही चार छात्रों ने ही चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में चारों छात्रों को मुंढाल के पास से गिरफ्तार कर सभी चारों छात्रों को बाल सुधार गृह भेज दिया था। इस वारदात के बाद छात्रों ने एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी कि 10 लाख रुपये दे देना, नहीं देने पर देख लेने की धमकी दी थी। वायरल वीडियो में स्कूल की किस अध्यापिका का जिक्र है अभी तक यह राज ही बना हुआ है।



हांसी। एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संघ हांसी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

शिक्षकों ने जताया विरोध

## हांसी के प्राइवेट स्कूल रहे बंद एसपी व एसडीएम को ज्ञापन

*चैकिंग के लिए बैक स्कैटर एक्स-रे मशीन लगवाने के लिए पत्र लिखा : एसपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

करतार मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बास के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल प्राचार्या जगबीर सिंह पानू की हत्या किए जाने के विरोध में बुधवार को हांसी उपमण्डल स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में पूर्ण रूप से बंद रहे। इस दौरान प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व एसडीएम राजेश खोथ को मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा।

प्राइवेट स्कूल संघ हांसी के प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि बुधवार को हांसी ब्लाक के सभी विद्यालयों में गांव बास बादशाहपुर में करतार सिंह मैमोरियल पब्लिक स्कूल के स्कूल संचालक व प्रिंसिपल जगबीर पानू की विद्यार्थियों द्वारा की गई नृशंस हत्या के विरोध में अवकाश रखा गया। बास में घटित इस घटना ने प्रदेश ही नही पूरे देश को हिला कर रख दिया। संघ संरक्षक अनिल कुमार ने कहा कि स्कूल संचालकों ने विद्यालयों को बन्द करके जो एकता का परिचय दिया है वह तारिफ के काबिल है।

#### गैरजरूरी वस्तुएं लाने पर लगेगी रोक

**हांसी।** एसपी अमित यशवर्धन ने स्कूल संचालक को बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को विद्यालय में चैकिंग के लिए बैक स्कैटर एक्स-रे/कैबिनेट एक्स-रे मशीन लगवाने के लिए पत्र लिखा है कि जब भी विद्यालय द्वारा मान्यता ली जाए उसमें इस मशीन को अनिवार्य किया जाए ताकि विद्यार्थियों के प्रतिदिन बैग चैक होकर विद्यार्थी स्कूल में प्रवेश करे जिससे अनावश्यक वस्तुएं विद्यालय में लाने पर रोक लग सके। स्कूल संचालक राजबीर वर्मा ने एसडीएम राजेश खोथ के समक्ष जगबीर पानू के परिवार को आर्थिक सहायता, जगबीर पानू को शहीद का दर्जा, परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की। इस अवसर संरक्षक अनिल कुमार, प्रधान रविन्द्र अत्री, संदीप सांपला, राजबीर वर्मा, हरि प्रकाश चैनत, कुलदीप यादव, दिनेश कौशिक, आदि उपस्थित रहे।

*गांव डाटा में हादसा दो गंभीर घायल अस्पताल में भर्ती*

## निर्माणाधीन मकान की छत पर पत्थर लगाते समय नीचे गिरे मिस्त्री व मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के गांव डाटा में बुधवार को एक निर्माणाधीन मकान की छत पर पत्थर लगाते समय एक पत्थर टूटकर नीचे गिर गया। इससे पत्थर लगा रहे मिस्त्री व मजदूर पत्थर सहित जमीन पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

मकान मालिक ने दोनों को घायलों को उपचार के लिए गांव के पीएचसी सेंटर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हांसी नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है। हादसे में 40 वर्षीय मजदूर दलबीर को सिर, कमर सहित काफी ज्यादा चोटें आई हैं जबकि दूसरे मजदूर जगदीश को कमर व हाथ पैरों में चोटें आई हैं।



हांसी। नागरिक अस्पताल में घायल मजदूर का उपचार करते चिकित्सक।

सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायलों के बयान दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन जगदीश ने बताया कि गांव में निर्माणाधीन मकान की छत पर पत्थर लगा रहे थे कि पत्थर लगाने के दौरान एक पत्थर टूट कर जमीन पर जा गिरा और पत्थर के साथ ही वह तथा मिस्त्री दलबीर सिंह जमीन पर आ गिरे तथा नीचे टूटे हुए पत्थर तथा ईंट रोड़े गिरे होने की वजह से वे दोनों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मकान मालिक ने दोनों को उपचार के लिए पहले गांव के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया लेकिन चोटें अधिक लगी होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हांसी नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया।

*दो दुकानों पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी*

## बिना लाइसेंस घी का कारोबार करने पर दुकानदार का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नकली घी की बिक्री की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग टीम ने हिसार शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रसिद्ध ब्रांड्स के नाम से पैक किया गया देशी घी बरामद किया है।

टीम ने मौके से सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं, वहीं एक दुकानदार को बिना लाइसेंस के घी का कारोबार करने पर चालान किया गया है। छापेमारी की यह कार्रवाई बुधवार को सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई। इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि नई अनाज मंडी स्थित शिबु ट्रेडिंग कंपनी पर नकली देशी घी बेचने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान दुकान से मधुसूदन, पारस, मधु, वीटा, अमूल, जैसे नामी ब्रांड्स के लेबल लगे पैकेट व टिन बरामद किए गए। शिवकुमार कोई बिल या लाइसेंस पेश नहीं कर सका।



हिसार। घी की दुकान पर जांच करते सीएम फलाइंग इंचार्ज सुनैना व टीम के अन्य अधिकारी।

## राजकीय पॉलिटेक्निक के चार विद्यार्थियों का चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक की टेक्सटाइल डिज़ाइन शाखा के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों अनिल निषाद, गौतम, राहुल कुमार और मन्टू कुमार का चयन देश की वस्त्र निर्माता कंपनी जैन कॉर्ड इंडस्ट्रीज़, कोसीकलां (मथुरा) में डाइंग और प्रोसेसिंग विभाग में हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों को 2.16 लाख रुपये वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है। प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर इन 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी परितोष पराशर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेंगी और प्लेसमेंट को लेकर एक सकारात्मक माहौल बनेगा।



हिसार। गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक चयनित विद्यार्थी।

## सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा संचालन को लेकर मंथन

- डीसी ने सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**हिसार।** सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को मुख्यालय द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी तथा मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक के उपरांत उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि आगामी 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा के सफल संचालन में सभी अधिकारी-कर्मचारी मानवीय आधार पर परीक्षार्थियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिला में बने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को निर्धारित समयावधि में पहुंचाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जाए। रोडवेज महाप्रबंधक जिले से बाहर परीक्षा देने के लिए जाने वाले अभ्यार्थियों तथा अन्य जिलों से आने हिसार में आने वाले अभ्यार्थियों के लिए बसों की व्यवस्था करते हुए व्यापक रूपरेखा तैयार कर लें।



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन एवं अन्य अधिकारीगण।

कार्यक्रम | भारतीय सभ्यता में नारी को 'शक्ति' कहना केवल एक उपमा नहीं बल्कि तत्व दर्शन : प्रो. बिश्नोई

## कम्फर्ट जोन से बाहर से निकलें महिलाएं : प्रो. सुदेश

- गुजवि में तीन दिवसीय कार्यक्रम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा है कि महिलाएं अपने कम्फर्ट जॉन से बाहर से निकलें और जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करें। अपनी ताकत को समझकर आगे बढ़ें और खुद में एक विश्वास पैदा करें। महिलाओं में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता है।

प्रो. सुदेश यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) के सौजन्य से 'शिक्षा जगत में महिला नेतृत्व' विषय पर शुरू हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधित कर रही थी। पीडीयूआईआईसी के सेमिनार हॉल में हुए इस समारोह की अध्यक्षता गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। इस अवसर पर एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी, उपनिदेशक डा. हरदेव सिंह व कार्यक्रम संयोजक डा. अंजू गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्यातिथि प्रो. सुदेश ने कहा कि यह कार्यशाला महिलाओं को खुद को समझने का मौका देगी। महिलाएं खुद को बदला हुआ पाएंगी।



हिसार। कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो . सुदेश।

#### महिलाएं जन्मजात नेता : प्रो. नरसी राम

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि भारतीय सभ्यता में नारी को 'शक्ति' कहा गया है। यह केवल एक उपमा नहीं है, बल्कि यह एक तत्व-दर्शन है। गर्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, अपाला जैसी विदुषियां केवल विचारशील नहीं थी, वे उस युग की विचार-क्रांति की ध्वजवाहिका थी। उन्होंने कहा कि महिलाएं जन्मजात नेता होती हैं। उनमें सहानुभूति की तीव्र संवेदना, पोषण की भावना और समष्टिगत दृष्टिकोण की सहज प्रवृति है, वही उन्हें शिक्षा, नीति और समाज निर्माण के क्षेत्र में विशेष बनाती हैं। एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने स्वागत संबोधन दिया। एमएमटीटीसी के उप निदेशक डा. हरदेव सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मुख्य अतिथि प्रो.सुदेश व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार, प्रो. दलबीर सिंह, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. विशाल गुलाटी व प्रो. मनीष कुमार उपस्थित रहे।



हिसार। धरनास्थल पर पहुंची कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि

दलित महापंचायत में बड़ा ऐलान

## पुलिस ने अंतिम संस्कार किया तो परिजन नहीं होंगे शामिल

*विवाद में हुई युवक की मौत का मामला, 21 सदस्यों की कमेटी बनाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के 12 क्वार्टर क्षेत्र में म्यूजिक सिस्टम बंद करवाने के विवाद में हुई युवक की मौत मामले में दलित समुदाय ने प्रशासन व पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए महापंचायत बुलाकर बड़ा निर्णय लिया है। महापंचायत में 21 सदस्यों की कमेटी गठित करके आगामी आंदोलन के संचालन की रूपरेखा तय की गई।

मृतक के परिजन व समाज के लोग आरोपी पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं वहीं पुलिस ने मंगलवार को नोटिस जारी करके चेताया था कि यदि परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया तो पुलिस कर देगी और बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। युवक की मौत को 10 दिन हो चुके हैं।

#### प्रदेश में दलित असुरक्षित : सैलजा

इसी बीच कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा भी देर सायं धरने पर पहुंची और कहा कि इस धरने का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते थे, मगर जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो ऐसा करना पड़ता है। सैलजा ने कहा कि आज दलित समाज प्रदेश में अपने को सुरक्षित महसूस नहीं करता।



हाल के वर्षों में आम लोगों से लेकर कई सेलिब्रिटीज की भी डेथ सडन कार्डिएक अरेस्ट की वजह से हुई है। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहें, मनमाने ढंग से कोई ट्रीटमेंट न लें और बैलेंस्ड डाइट लें तो इससे बचे रह सकते हैं। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत युजफुल सजेशंस।

# रोका जा सकता है सडन कार्डिएक अरेस्ट


डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. महेश वाधवानी
डायरेक्टर, एचओडी-सीटीवीएस
फोर्टिस मानेसर, गुरुग्राम

हाल ही में 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से पॉपुलर 42 वर्षीय मॉडल-एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की अचानक कार्डिएक अरेस्ट आने से हुए निधन ने सबको चौंका दिया। हालांकि फिटनेस-फ्रीक शेफाली जरीवाला को कोई बीमारी नहीं थी। लेकिन खबरों के अनुसार सुंदर-जवां दिखने की चाहत में पिछले 7-8 साल से लगातार एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। जिसमें वो स्किन वाइटनिंग, यूथफुल ग्लो और लिवर डिटॉक्सीफिकेशन के लिए ग्लूटाथियॉन, विटामिन-सी जैसी मेडिसिन और आईवी इंजेक्शन ले रही थीं। हार्मफुल केमिकल्स के रिएक्शन को उनकी डेथ की बड़ी वजह माना जा रहा है। दरअसल, केमिकल से वेसोवेगल तंत्रिका प्रभावित होती है और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर एकाएक कम हो जाता है। इन दवाओं का असर हार्ट फंक्शन पर भी पड़ता है, यानी वो पंप करना बंद कर सकता है, जिससे बेहोश होने और सडन कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क हो सकता है।

आज के दौर में अनेक महिलाएं और पुरुष भी यंग और अट्रैक्टिव दिखने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेने लगे हैं। लेकिन इन्हें एक्सपर्ट के सुपरविजन में लेना ही उपयुक्त रहता है। जवां दिखने के जुनून में इन मेडिसिन की ओवरडोज लेने से लोगों में हार्मोनल असंतुलन, ब्लड प्रेशर बढ़ने या गैस्ट्रिक समस्याएं होने का खतरा बढ़ता है। खासकर व्रत के दौरान ऐसी दवाएं लेना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है।

## बढ़ रहा कार्डिएक अरेस्ट

सडन कार्डिएक अरेस्ट किसी भी व्यक्ति को कभी भी हो सकता है, लेकिन आजकल की भागम-भाग जिंदगी में कम उम्र में भी बहुतायत में ऐसा देखा जा रहा है। पिछले दो-तीन दशकों में लाइफस्टाइल में बदलावों यानी मीठा ज्यादा खाना, शारीरिक श्रम कम करना, सिगरेट-एल्कोहल के सेवन से लोगों में मेटाबॉलिक सिंड्रोम की समस्या बढ़ी है, जिससे महिलाओं में कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क दोगुना हो गया है, हालांकि पुरुषों की तुलना में अभी भी काफी कम (90:10 प्रतिशत) है।







## कार्डिएक अरेस्ट के लक्षण

ज्यादातर मरीजों को ये लक्षण महसूस होते हैं- पेट में गैस होना, छाती में होने वाला दर्द, कंधे, पीठ या बांह में जाना, धड़कन तेज होना, बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना, चक्कर आना, बेहोशी आना। किसी भी तरह की तकलीफ महसूस होने पर नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। ऐसे में यथाशीघ्र आस-पास के लोगों को सूचित जरूर करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द पेशेंट को मेडिकल मदद मिल सके और कॉम्प्लीकेशन होने की संभावना को रोका जा सके।



## क्या है कारण

सडन कार्डिएक अरेस्ट होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं। इनमें शामिल हैं- आरामपरस्त जीवनशैली होना। अनहेल्दी फूड हैबिट्स, हाई कैलोरी फूड खाना, जंक-प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। मेटाबॉलिक सिंड्रोम होना। यानी ब्लड में कोलेस्ट्रॉल या शुगर लेवल बढ़ना, जिनकी वजह से आर्टरीज का ब्लॉक होना। हार्मोनल बदलाव, ओबेसिटी खासकर सेंट्रल ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, एंग्जाइटी, मिरगी जैसी बीमारियों से ग्रस्त होना। सीवियर डिसफंक्शनल हार्ट होना यानी कई कारणों से हार्ट के सेल्स डैमेज होने से कार्यक्षमता 35 प्रतिशत से कम हो जाना। कोरोनरी आर्टरी डिजीज या खून की नसें ब्लॉक होना। या फिर बायपास सर्जरी हुई हो और बायपास के बाद स्टेंट लगा हो, हार्ट ट्रीटमेंट और दवाइयां पहले से चल रही हों। हाइपरट्रोफिक हार्ट डिजीज होना। यानी हार्ट के मुख्य वॉल्व में रुकावट होना, अनकंट्रोल हाई ब्लड प्रेशर, जन्मजात दोष जैसे कारणों से हार्ट की मसल्स का मोटा होना, जिससे हार्ट की पंपिंग क्षमता कम होना। हार्ट इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस में गड़बड़ी के कारण हार्टबीट बहुत धीमी या तेज होना। पल्मोनरी थ्रम्बोएंबॉलिज्म होना, जिसमें डीप वेन थ्रंबोसिस के ब्लड क्लॉट माइग्रेट कर हार्ट तक आने से उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होना। परिवार में किसी को हार्ट डिजीज, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत होना। माइक्रोवेस्कुलर डिजीज होना यानी महिलाओं में हार्ट की नसें प्राकृतिक रूप से छोटी होने की वजह से ज्यादा ब्लॉकेज होना।

एस्ट्रोजन हार्मोन में कमी की वजह से रिप्रोडक्टिव उम्र से आगे बढ़ना या मेनोपॉज की उम्र में पहुंची महिलाएं। स्ट्रेस बढ़ना। बॉडी बिल्डिंग के लिए जिम में बिना ट्रेनर की गाइडेंस के जरूरत से ज्यादा या हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज करना। वजन कम करने, सुंदर और फिट दिखने के पियर प्रेशर की वजह से बिना डॉक्टर की सलाह पर एंटी एजिंग मेडिसिन, प्रोटीन सप्लीमेंट्स, स्टेरॉयड या ड्रग्स की ओवरडोज लेना। तंबाकू, एल्कोहल का सेवन अधिक करना। भरपूर नींद न लेना।

## बचाव के उपाय

सडन कार्डिएक अरेस्ट से होने वाली मौत से बचने के लिए ऐसी आदतों में बदलाव लाना चाहिए, जिनसे कोलेस्ट्रॉल या ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। सबसे आसान तरीका है, खाना संयमित तरीके से खाएं, मीठी या तली हुई, मैदे से बनी चीजें कम से कम खाएं। फल, शहद जैसी नेचुरल शुगर कंट्रोल में लेना बेहतर है। नमक या सोडियम सीमित मात्रा (रोजाना 4-5 ग्राम) लें क्योंकि ज्यादा नमक आर्टरीज में जमा होने लगता है, जिससे आर्टरीज सख्त हो जाती हैं और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ता रहता है। अपनी डाइट में विटामिन-सी, ए, ई रिच फूड्स शामिल करें, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। हाइड्रेटेड रहें ताकि स्किन नेचुरली ग्लो करे।

**स्ट्रेस अवॉयड करें:** स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए रोजाना मेडिटेशन, हास्य योगा, अपने करीबियों के साथ हास-परिहास करें। जो चीज आपके कंट्रोल में नहीं है, उस पर दुखी होने के बजाय हंस कर टाल दें। टेंशन अपने आप कम हो जाएगी। प्रोफेशन-पर्सनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। सोशल नेटवर्क बढ़ाएं। रोज मिल पाना संभव न हो तो फोन से संपर्क में रहें। मी टाइम या पर्सनल कामों के लिए कुछ समय जरूर निकालें। अपने पसंदीदा काम करें, हॉबीज को अंजाम दें।



**सही वेट मेंटेन करें:** बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से नीचे रहना चाहिए। अगर वजन ज्यादा है, तो हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अपने वर्तमान वजन से कम से कम 10 प्रतिशत जरूर घटाएं। इसके लिए डाइट पर कंट्रोल और रेगुलर एक्सरसाइज करें। 30-35 साल की उम्र के बाद मेंटल और फिजीकल फिटनेस जरूर मेंटेन करें। खासकर महिलाएं घर-बाहर के कामों को एक्सरसाइज मानने के बजाय रेग्युलर वर्कआउट के लिए समय निकालें। एक्सरसाइज में योगा, मेडिटेशन सबसे अच्छी एक्सरसाइज हैं। इससे ब्लड फ्लो बेटर होता है और एक्सरसाइज टॉक्सिंस को भी आपकी बॉडी से बाहर निकालता है।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** कार्डियो एक्सरसाइज में एज का फार्मूला होता है। 220 माइनस द एज। अगर कोई व्यक्ति 50 साल का है तो 220-50=170। यानी व्यक्ति की हार्टरेट अधिकतम रेंज 170 होनी चाहिए। ऐसे फार्मूला में अगर व्यक्ति 70 प्रतिशत तक की रेंज तक यानी 135 की हार्टरेट तक पहुंच जाता है, तो उसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज माना जाता है। इसी हिसाब से एक्सरसाइज के दौरान अपनी हार्टरेट को एक्सरसाइज के रेंज में ले जाकर 15-20 मिनट तक वहीं पर होल्ड रखें। लेकिन अगर व्यक्ति की टारगेट हार्टरेट ज्यादा हो जाती है तो एरिद्मिया ट्रिगर होने और एक्सरसाइज के दौरान मौत होने की संभावना रहती है।

**ओवरएक्सरसाइज से बचें:** 50 साल की उम्र के व्यक्ति जिसकी फिटनेस अच्छी नहीं है और ओवरएक्सरसाइज करके अपनी हार्टरेट 150 या अधिक की रेंज में ले जा रहा हो- ऐसे में कार्डिएक अरेस्ट की संभावना बढ़ जाती है। खासकर महिलाओं में फिटनेस शेड्यूल थोड़ा कम होती है, उनमें एक्सरसाइज टॉलरेंस नहीं होती, उनकी हार्टरेट पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहती है। एक्सरसाइज के दौरान उनकी टारगेट हार्टरेट से ज्यादा पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे कार्डिएक अरेस्ट होने की संभावना रहती है।

**नशे से बचें:** तंबाकू, सिगरेट, एल्कोहल के सेवन से दूर रहें। ये चीजें एंग्जाइटी बढ़ाती हैं, जिनका असर हार्ट पर पड़ता है।

**कंसल्टेशन से लें दवा:** अच्छा दिखने के लिए अगर कोई सप्लीमेंट्स लेना हो तो डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन से लें और ब्लड टेस्ट के बाद ही लें। लाइफ-लांग मेडिसिन डॉक्टर को कंसल्ट करके ही लें। सेल्फ-मेडिकेशन या कॉस्मेटिक प्रोसिजर में किए जाने वाले ट्रीटमेंट कई बार बॉडी को शॉक भी देते हैं। किडनी, लिवर पर असर डालती हैं और कार्डिएक अरेस्ट की नौबत भी आ जाती है।

**इग्नोर न करें लक्षण:** किसी बीमारियों के संकेतों को नजरअंदाज न करें। छोटा समझ कर छिपाना या अनदेखा करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। जितना जल्दी हो सके डॉक्टर को कंसल्ट करके उपचार कराएं। छोटी-छोटी तकलीफ हार्ट डिजीज का कारण बन सकती हैं।

**रेग्युलर चेकअप:** 30 साल की उम्र के बाद मेडिकल चेकअप जरूर कराएं। जैसे- ईको टेस्ट से व्यक्ति के हार्ट की गलत बनावट या ब्लॉकेज का पता चल जाता है। नॉर्मल हो, तो आगे 5-10 साल में एक बार या फिर बीमारीग्रस्त होने पर समय-समय पर टेस्ट जरूर करवाते रहें।

**नींद है जरूरी:** रोजाना रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूर लें। खाने के समान रोजाना अच्छी नींद सोना जरूरी है क्योंकि रात में भरपूर नींद लेने से सभी एंडोक्राइन ग्लैंड्स एक्टिव होते हैं और मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रहता है। इससे शरीर के सेल्स रिपेयर होने, इंफ्लेमेशन कम करने, हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा



### हार्ट अटैक-कार्डिएक अरेस्ट में अंतर

**कार्डिएक अरेस्ट** और हार्ट अटैक में अंतर होता है। दिल की सतह पर बहुत सारी नसें यानी एपिकार्डियल वेसेल्स या कोरोनरी आर्टरीज होती हैं। हार्ट अटैक तब होता है, जब दिल को खून पहुंचाने वाली ये नसें कोलेस्ट्रॉल के जमने या ब्लड क्लॉट बनने से ब्लॉक हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजनेटिड ब्लड दिल की मांसपेशियों तक नहीं पहुंच पाता और हार्ट का वो हिस्सा काम करना बंद कर देता है। सीने में तेज दर्द होता है, सांस लेने में मुश्किल होती है। लेकिन मरीज होश में रहता है। यथासमय ट्रीटमेंट मिल जाए तो तकरीबन 70 प्रतिशत लोगों की जान बच सकती है।

कार्डिएक अरेस्ट एक इलेक्ट्रिकल फेलियर होता है। शरीर की मांसपेशियों को चलाने के लिए इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस की जरूरत होती है। कुछ कारणों से इसमें गड़बड़ी आने पर हार्ट पंप करना अचानक बंद कर देता है। हार्ट की धड़कन धीमी या तेज हो जाती हैं, जिससे पूरे शरीर तक जाने वाला ऑक्सीजनेटिड ब्लड फ्लो रुक जाता है। सांसें थम जाती हैं और इंसान अचानक बेहोश होकर गिर जाता है। अगर कुछ मिनटों के अंदर सीपीआर और एईडी ट्रीटमेंट न मिले, तो तकरीबन 90 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती है।

फिटनेस फंडा
गौरव चोपड़ा

इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री के रोल में गौरव चोपड़ा दिख रहे हैं। इसमें वह काफी एनर्जेटिक नजर आ रहे हैं। अपनी हेल्थ और फिटनेस के बारे में गौरव यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# सबसे जरूरी है एक्टिव रहना

जहां तक मेरे फिटनेस फंडे की बात है तो मैं इस बात पर विश्वास नहीं रखता कि रोजाना वर्कआउट करना जरूरी है। मेरा मानना है कि डेली एक्टिव रहना सबसे जरूरी है। मुझे लगता है कि लोग अकसर शब्दों और उनकी व्याख्या को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। जैसे ही एक्सरसाइज शब्द सुनते हैं, उन्हें लगता है कि इसका मतलब है, जिम जाना, जबकि ऐसा जरूरी नहीं है। आप बस सीढ़ियां चढ़-उतर लें, या फिर छोटी दूरी के लिए गाड़ी निकालने की बजाय कुछ कदम पैदल चल लें। यह भी बहुत कारगर है। असली बात यह है कि आप चलते-फिरते रहें, अपने शरीर को मूवमेंट देते रहें। जब आप खा रहे हों, तो यह भी सुनिश्चित करें कि आप अपनी बॉडी मशीन का सही इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं अकसर एक उदाहरण देता हूं कि जैसे अगर आप कार में बार-बार पेट्रोल भरते रहें लेकिन उसे चलाएं नहीं, तो उसका क्या फायदा? कार अच्छा माइलेज तभी देगी, जब आप उसे चलाएंगे, वो भी सही स्पीड पर। वैसे ही हमारा शरीर भी तभी स्वस्थ रह सकता है, जब हम उसे सक्रिय रूप से इस्तेमाल करें।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन पूरी तरह उस भूमिका पर निर्भर करता है, जिसे मैं किसी शो में निभा रहा होता हूं। जैसे कि फिलहाल मैं प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहा हूं, तो उसके लिए बहुत ज्यादा मस्कुलर शरीर की जरूरत नहीं है। इस किरदार के लिए एक दुबला-पतला और सामान्य-सा शरीर चाहिए। इस समय मैं हफ्ते में तीन बार योग करता हूं और एक-दो बार जिम भी चला जाता हूं।



**डाइट प्लान:** मेरे पास कोई निश्चित डाइट प्लान नहीं है। सच कहूं तो मेरा कोई डाइट प्लान है ही नहीं। मैं एक पुरानी आदत पर चलता हूं, जिसे मैं सालों से अपनाता आ रहा हूं यानी मैं सब कुछ खाता हूं, लेकिन संतुलन के साथ। मैं न न्यूट्रिशन के मामले में और न ही स्वाद के मामले में किसी भी चीज की अति करता हूं। अगर कभी मीठा या डेजर्ट खाने का मन हो, तो खा लेता हूं, लेकिन फिर दो-तीन या चार दिन तक उसे नहीं खाता। इस तरह मुझे लगता है कि हर चीज का संतुलन बना रहता है, क्योंकि मेरा मानना है कि शरीर को हर तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। मैं नहीं चाहता कि खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित रखूं या किसी फूड का एडिक्ट हो जाऊं।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यह कहना चाहूंगा कि मैं फिटनेस के लिए जबरदस्ती समय निकालने की कोशिश नहीं करता। बल्कि मैं फिटनेस को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना लेता हूं। कभी-कभी मैं शूट पर निकलने से पहले 50 पुश-अप्स कर लेता हूं, या फिर जब भी किसी नए सीन के लिए ड्रेस बदलता हूं, उस दौरान कर लेता हूं। ऐसे दिनों में जब मैं जिम नहीं जा पाता, तो हर बार ड्रेस बदलते समय 50 पुश-अप्स कर लेता हूं। अब अगर किसी दिन मुझे 4 या 5 बार ड्रेस बदलने हों, तो उतनी बार एक्सरसाइज भी हो जाती है। इस तरह से आप भी फिटनेस को अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**फिटनेस मंत्र:** मेरा फिटनेस मंत्र बहुत ही सरल है, मैं सब कुछ खाता हूं, सक्रिय रहता हूं, यह सुनिश्चित करता हूं कि मुझे पर्याप्त और अच्छी नींद मिले। इसके अलावा जहां तक संभव हो, प्रोसेस्ड फूड्स से दूर रहता हूं। आप खाने के शौकीन हो सकते हैं और फिर भी फिट रह सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने शरीर रूपी इंजन को कितनी अच्छी तरह समझते हैं? उसमें कितना और कैसा 'फ्यूल' डालते हैं और कितना बर्न करते हैं? यह एक संतुलित तंत्र है, जिसे समझना जरूरी है। किसी भी चीज की अति न करें और खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित भी न रखें। मेरा मानना है कि बैलेंस ही सबसे बेहतर और सबसे कारगर तरीका है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

# बरसात के मौसम में करें सात्विक भोजन, अच्छी रहेगी सेहत

डाइट सजेशन
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम और उसमें भी प्रमुख रूप से सावन के महीने में सात्विक भोजन की परंपरा केवल धार्मिक या आध्यात्मिक कारणों से ही नहीं है बल्कि इसके पीछे पुख्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है।



**इसलिए है जरूरी:** बरसात के मौसम में आर्द्रता और तापमान में बदलाव के कारण शरीर की पाचनशक्ति बाकी किसी भी मौसम के मुकाबले में काफी कम हो जाती है। ऐसे में तली, भुनी चीजें और मांसाहार पाचन तंत्र को खराब कर देती हैं। सावन का महीना बारिश के मध्य का वह महीना होता है, जब खाद्य सामग्री सबसे जल्दी खराब होती है। इस महीने में ही सबसे ज्यादा जलजनित रोग भी फैलते हैं। यही कारण है कि इस माह में डॉक्टर, लोगों को ताजा, थोड़ा और हल्का खाना खाने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन में ताजे, उबले और कम मसालेदार भोजन किया जाता है। कम मसालों के साथ-साथ इनमें तले पदार्थ भी कम होते हैं, जिस कारण इस दौरान आप कई तरह के संक्रमणों से बचे रह सकते हैं। बारिश के मौसम में पेट की तरह हमारी त्वचा भी बहुत जल्द संक्रमित हो जाती है। बरसात में एलर्जी, दमा और त्वचा रोग बहुत आसानी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। ऐसे में जब हम सात्विक भोजन करते हैं और हमारे भोजन में हल्दी, अदरक, तुलसी, नीबू आदि हर्बल औषधियां शामिल होती हैं, तो ये हमारे भोजन को शुद्ध और सात्विक तो बनाती ही हैं, हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कई गुना ज्यादा बढ़ा देती हैं। इसलिए डॉक्टर और डाइटीशियन लोगों को बारिश के महीनों में शुद्ध, सात्विक, ताजा और हल्का भोजन करने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन हमारे तन को ही स्वस्थ नहीं मन को भी शांत रखता है। *

# हार्ट अटैक आने से पहले शरीर में दिखने वाले इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

**दुनियाभर में हार्ट अटैक मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। हाल के कुछ सालों में हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। साल 2023 में हार्ट सहित हृदय रोग के मामले भारत में मृत्यु के प्रमुख कारण रहे हैं। जो सभी मौतों का करीब 30% हिस्सा था। कम उम्र के लोगों यहां तक कि 30 से कम आयु वालों में भी न सिर्फ हार्ट अटैक के मामले सामने आए हैं। बल्कि इसकी वजह मौतों में भी वृद्धि देखी गई है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक हृदय की समस्याओं पर लगातार और गंभीरता से ध्यान देना बहुत जरूरी है। आजकल का जीवन काफी व्यस्त और तनावपूर्ण हो चुका है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। लाइफस्टाइल और खानपान में गड़बड़ी को हृदय रोगों का मुख्य कारण माना जाता है। जिस पर कम उम्र से ही ध्यान देना जरूरी होता है। आमतौर पर हार्ट अटैक का नाम सुनते ही जो लक्षण सबसे पहले हमारे दिमाग में आता है, वह सीने में दर्द होना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षण इससे कहीं अधिक जटिल हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान करना बेहद जरूरी होता है।**

## हार्ट अटैक के सामान्य लक्षण

- हार्ट अटैक होने पर सीने में दर्द होना सबसे प्रमुख माना जाता है। ऐसा आपने फिल्मों में भी देखा होगा। यह दर्द अचानक से शुरू होता है, यह कंधे, पीठ, जबड़ा या गर्दन में भी फैल सकता है। लेकिन सिर्फ यह लक्षण हार्ट अटैक के संकेत नहीं होते हैं।
- सीने में तीव्र दर्द, भारीपन या फिर दबाव महसूस होने के अलावा हार्ट अटैक में कई सारी और भी समस्याएं हो सकती हैं।

### शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द और सांस लेने में परेशानी

हार्ट अटैक के दौरान सीने में दर्द होने के साथ ही अन्य हिस्सों में भी फैल जाता है। ऐसे लक्षण विशेष रूप से महिलाओं में अधिक सामान्य है। हालांकि यह समझना जरूरी है कि हार्ट अटैक के समय दिल का ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इससे बॉडी में ऑक्सीजन में कमी होने लगती है, ऐसे में व्यक्ति को सांस लेने परेशानी महसूस हो सकती है। यह लक्षण सीने में दर्द के साथ बिना दर्द के भी हो सकते हैं। अगर आपको यह दिक्कतें महसूस हो रही हैं, तो आपको तुरंत ही सावधान जाना चाहिए और एक्शन लेना चाहिए।

### ठंडे पसीने का आना या मतली और उल्टी

हार्ट अटैक के दौरान शरीर में तनाव



और रक्तचाप में बदलाव की वजह से व्यक्ति को ठंडा पसीना आने की समस्या हो सकती है। यह लक्षण अचानक और बहुत तेज हो सकते हैं। कई बार हार्ट अटैक के दौरान व्यक्ति को पेट में मतली, असहजता और उल्टी का भी अनुभव हो सकता है। इसको सिर्फ पाचन की समस्या समझने की भूल न करें। क्योंकि यह हार्ट अटैक का भी संकेत हो सकता है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

हृदय रोग एक्सपर्ट की मानें, तो हार्ट अटैक के लक्षणों की पहचान समय पर सबसे ज्यादा अहम है। अगर किसी व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ, ठंडे पसीने का अनुभव और सीने में दर्द की समस्या है, तो ऐसे में फौरन डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। हार्ट अटैक के सिर्फ एक लक्षण पर ध्यान न दें। कभी-कभी लक्षण बहुत हल्के होते हैं या किसी और स्थिति की तरह महसूस होते हैं। इसलिए इन सभी के बारे में जानना और समय रहते हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेना चाहिए। समय रहते सावधानी बरतने से बचाव हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### आईवीएफ से दूसरा बच्चा चाहने पर अनुमति जरूरी

**हिसार।** सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने बताया कि हरियाणा में ऐसे दंपति जिनके पहले से एक या दो बच्चे है और वे इसके बाद भी यदि आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) के माध्यम से और बच्चा चाहते हैं, तो इसके लिए उन्हें समुचित प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इस संबंध में गठित टास्क फोर्स का उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार और अनियमित मेडिकल प्रक्रियाओं पर नियंत्रण सुनिश्चित करना है। सिविल सर्जन डॉ. गहलावत ने बताया कि अब दंपति को अपनी आवश्यकता स्पष्ट करते हुए एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनुमति प्राप्त करनी होगी।

### बीपीएल कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी जरूरी

**हिसार।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा आम नागरिकों— विशेष रूप से बीपीएल तथा अंत्योदय अन्न योजना श्रेणी के राशन कार्डधारकों (आयु 5 वर्ष से ऊपर) अपील की है कि वे तुरंत ई-केवाईसी करवाएं, अन्यथा राशन डिपो से अनाज वितरण बंद हो सकता है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी अमित शेखावत ने बताया कि ई-केवाईसी सुविधा जिले के सभी राशन डिपो पर उपलब्ध है। मेराकेवाईसी मोबाइल ऐप (प्ले स्टोर पर उपलब्ध) के माध्यम से नागरिक घर बैठे भी ई-केवाईसी पूरी कर सकते हैं। उन्होंने सभी डिपोधारकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने वार्डों व गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक करें तथा शेष पात्र परिवारों के लिए विशेष ई-केवाईसी शिविर लगाएं।

### लघु खाद्य इकाइयों को 35 फीसदी सब्सिडी

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने जिले के इच्छुक उद्यमियों से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत व्यक्तिगत उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों को 35 प्रतिशत पूंजी अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कोई भी भारतीय नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो, वह पात्र है। व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एसएचजी/एफपीओ तथा एक एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत एसएचजी/कंपनी आवेदन कर सकती है।

### जेल लोक अदालत में दो केसों का किया निपटारा

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल पांच केसों की फाइलें रखी गई जिनमें दो केस का निपटारा किया गया तथा दो कैदी को रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह में दो बार जेल लोक अदालत लगाई जाती है, जो कि माह के प्रथम बुधवार व तीसरे बुधवार को जेल लोक अदालत लगती है। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत में छोटे केसों में लंबे समय से जेल में बंद कैदियों से संबंधित केसों का निपटारा किया जाता है।

---

### सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी पुलिस

# होटल मैनेजर की हत्या के मामले में दो पर केस दर्ज

**एक युवक ने बिंडे मारे व दूसरे ने किए सुए से वार, मृतक की पत्नी की शिकायत पर किया मामला दर्ज**



मृतक पारस की फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के कैंप चौक के पास स्थित एक होटल मैनेजर की हत्या मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर हत्या की वजह क्या रही लेकिन आशंका जताई जा रही है कि कुछ दिन पहले मृतक पारस का कुछ युवकों के साथ हुए झगड़ा ही इस हत्या की वजह हो सकता है। पुलिस अपनी जांच के चलते होटल के आसपास के कैमरे खंगाल रही है।

कैंप चौक के पास होटल वोटक्स के मैनेजर देव वाटिका निवासी पारस उर्फ दीक्षित की मंगलवार देर रात कुछ युवकों ने पीटकर व धारदार हथियार से हत्या कर दी। दो युवकों ने होटल में आकर उसके साथ मारपीट की। वह बचने के लिए हमलावरों को धक्का देकर दूसरे होटल की तरफ भागा लेकिन वहां खून की उल्टी आने के बाद वह गिर गया। होटल कर्मचारी व अन्य लोग उसे नजदीकी निजी अस्पताल में ले गए वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दो युवक डंडे से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं।

हत्या की सूचना मिलने पर सूचना मिलने पर डीएसपी कमलजीत और अर्बन एस्टेट थाना पुलिस मौके पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का कहना है कि पारस मिलनसार था। छह साल पहले उसने लव मैरिज की थी और उसका ढाई साल का बच्चा है। होटल स्टाफ के मुताबिक पारस रात को होटल के काउंटर पर बैठा हुआ था। उसी दौरान दो युवक आए। उनमें से एक के हाथ में बिंडा व दूसरे के हाथ में सुआ था। उन्होंने पारस से बातचीत करने के बाद हमला कर दिया। पारस ने खुद को बचाने की कोशिश की लेकिन युवक वार करते रहे। एक युवक ने 9 और दूसरे ने 4 बार पारस सुए मारे। स्टाफ का कहना है कि मुश्किल से पारस खड़ा हुआ और युवकों को धक्का देकर बाहर की तरफ भागा। हमलावर भी पारस के पीछे-पीछे भागे। पारस भागकर कर साइड में दूसरी होटल की बिल्डिंग में घुस गया।

इसके बाद दोनों युवक वहां से फरार हो गए। जब स्टाफ के लोग वहां पहुंचे तो पारस ने खून की उल्टी की हुई थी और वह गिरा हुआ था। सभी लोग उसे उठाकर प्राइवेट अस्पताल ले गए। पारस पत्नी संजना ने बताया कि पारस मंगलवार शाम छह बजे घर पर आया था और आधा घंटे बाद साढ़े 6 बजे वह घर से होटल चला गया। रात को करीब साढ़े 9 बजे होटल में काम करने वाले एक युवक ने फोन कर सूचना दी कि पारस पर दो युवकों ने हमला कर दिया है। वह गंभीर रूप से घायल है और उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए हैं। जब हम लोग अस्पताल में पहुंचे तो पारस की मौत हो चुकी थी। हमला किसने किया हमें कुछ नहीं पता।

**कुछ दिन पहले हुआ था झगड़ा**

पारस की बहन ऊषा ने बताया कि भाई ने छह साल पहले दिल्ली की रहने वाली संजना से शादी की थी। शादी के बाद उसका अढ़ाई साल का बच्चा है। कुछ दिन पहले भाई का किसी से झगड़ा हुआ था और उसके बाद वह लगभग 15 दिन होटल भी नहीं गया था। अब दोबारा से होटल में जाना शुरू किया था। पारस पर हमले का फोन उसके पास ही आया था। उस समय वह फतेहाबाद थी तो तुरंत परिवार को सूचना दी।

**हर एंगल से जांच जारी**

अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी विजयपाल ने बताया कि मृतक की पत्नी संजना की शिकायत के आधार पर दो युवकों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के सही कारणों का पता चल सकेगा।

---

# एसडी मॉडर्न स्कूल में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाए प्रोजेक्ट

- समिति के प्रधान ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करती स्कूल प्राचार्या ऋतू सिंह।

एसडी मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विज्ञान परियोजनाओं पर काम किया जिसका प्रदर्शन बुधवार को विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में किया गया।

प्रदर्शनी में छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल प्राचार्या ऋतू सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में ब्रिज सुरक्षा, वर्षा जल संचयन, स्मार्ट सिटी, पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, जल शुद्धिकरण, हरित ऊर्जा, ज्वालामुखी, प्रकाश परावर्तन, माइक्रोस्कोप और ऊर्जा संरक्षण, गति के प्रकार ,छत पर वर्षा जल संचयन, औद्योगिक कार्बन शुद्धिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रोजेक्ट्स बनाए गए थे। इस प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान अध्यापकों विपुला सिधर, कृतिका मित्तल, योगेश, रजनी यादव व महक की देखरेख में किया गया। प्रदर्शनी के आयोजन पर प्रबंधन समिति के प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, आदि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ढांडा ने एचएयू में की युवाओं से मुलाकात




**हिसार।** एचएयू में छात्रों से मुलाकात करते युवा कांग्रेस नेता विकास ढांडा।

**हिसार।** युवा कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष विकास ढांडा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा करके और छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर कांग्रेस पार्टी के विचारों को रखा। दौरे के दौरान विकास ढांडा ने छात्रों और युवा से बातचीत करते हुए कांग्रेस पार्टी के विजन के अनुरूप शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास सहित युवाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरे ने युवा पीढ़ी के साथ सीधे जुड़ाव और संवाद को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस पार्टी और उसकी युवा इकाई की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। विकास ढांडा ने कांग्रेस पार्टी की चल रही 'युवा संवाद' पहल के मूल दर्शन पर प्रकाश डाला।

---

# अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

- अपराध मुक्त अभियान के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा गया युवक।

जिला फतेहाबाद में अपराध पर लगाम कसने और आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत एवीटी स्टाफ फतेहाबाद सफलता हाथ लगी है।

एवीटी स्टाफ ने एक युवक को अवैध पिस्तौल 315 बोर सहित गिरफ्तार कर संभावित गंभीर वारदात को समय रहते विफल कर दिया है। आरोपी की पहचान राजू बाबा उर्फ महंत पुत्र सीमा महंत निवासी गांव काबरेल, हाल नायक मोहल्ला, भट्टू मंडी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना भट्टूकलां में आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। एवीटी प्रभारी उपनिरीक्षक बेदपाल ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण के लिए एवीटी स्टाफ की टीम सहायक उपनिरीक्षक रामकिशन के नेतृत्व में भट्टू क्षेत्र में नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राजू बाबा उर्फ महंत के पास अवैध हथियार है और वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए खाबड़ा रोड, भट्टू पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान आरोपी को एक अवैध 315 बोर पिस्तौल सहित मौके पर ही दबोच लिया गया। पिस्तौल को विधिसम्मत कब्जे में लेकर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

- किसी भी प्रकार की समस्या या असहज स्थिति में डायल 112 पर करें संपर्क : एसपी
- एसपी ने कांवड़ लेने के लिए जाने वाले सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

**संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस का रहेगा भ्रमण**



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस जिला हांसी में कावड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस विभाग अलर्ट है। प्रमुख मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। कावड़ यात्रा के दौरान भांग व नशा करने और मौज-मस्ती में शोर मचाने वालों पर पुलिस को विशेष ध्यान रखने व यातायात बाधित न होने देने के संबंध में निर्देश दिए हैं। संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस का भ्रमण रहेगा। कोई भी दुर्घटना न हो, इसके लिए नहर, सड़क पर साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

-अमित यशवर्धन, एसपी

कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

यात्रा के दौरान यदि किसी भी कांवड़िए या अन्य को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो तुरंत डायल 112 या हांसी कंट्रोल रूम नंबर 88130-89302 पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि कावड़ लेने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व आवश्यक जानकारी एकत्रित करने के लिए सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि कावड़ लेने जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु संबधित थाना में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि पूर्ण जानकारी देकर जाए, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित प्रदेश की पुलिस से समन्वय स्थापित कर समय रहते समाधान किया जा सके।

**अनुमति लेकर लगाए कावड़ शिविर**

पुलिस जिला हांसी में कावड़ियों की सेवा व विश्राम करने के लिए यात्रा के दौरान विभिन्न संस्थाओं व श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाते है। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेकर शिविर लगाए और निर्धारित किये नियमों की पालना करते हुए शिविर का पंडाल सड़क से निर्धारित दूरी पर अंदर लगाए। शिविर पर पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर रखनी होगी, साथ ही बेरिकेटिंग करवाए। पंडाल पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाए। महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करे।

---

# मेयर पोपली ने किया सफाई शाखा का निरीक्षण

- नगर निगम की शाखा में आने वाली शिकायतों और उनके समाधान का रिकॉर्ड जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो : हरिभूमि*

मेयर प्रवीण पोपली ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में स्थित सफाई शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई शाखा की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान पार्षद मोहित सिंघल मौजूद रहे।

इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम की सफाई शाखा में आमजन के द्वारा भेजी जाने वाली शिकायतों व उनके समाधान का रिकार्ड देखा। मेयर प्रवीण पोपली ने सफाई शाखा से सम्बन्धित आने वाली शिकायतों को लेकर कहा कि शाखा के अधिकारी व कर्मचारी सभी शिकायतों को समय अनुसार समाधान करे। इसके अलावा उन्होंने सफाई से जुड़ी शिकायतों के लिए सरकार द्वारा जारी ऐप व पोटर्ल व शिकायत नंबरों की विस्तृत जानकारी ली। मेयर प्रवीण पोपली ने सफाई से सम्बन्धी शिकायत ऐप सोशल मीडिया शिकायत ट्रैकर (एसएमजीटी) के बारे में भी जाना। मौजूद कर्मचारी द्वारा बताया गया कि (एसएमजीटी) के जरिये अब तक नगर निगम की सफाई शाखा की 300 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 70 शिकायतों का समाधान होना शेष है। स्वच्छता ऐप से 72 शिकायत प्राप्त हुई थी जिनका समाधान कर दिया गया है।

# आनंद स्कूल मिलकपुर में पठन माह में करवाई विविध गतिविधियां

- तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों के लिए रोड सेफ्टी क्विज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में 19 जून से 18 जुलाई तक चल रहे पठन माह के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही हैं।

इसके अंतर्गत बुधवार को छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए रोड सेफ्टी क्विज का आयोजन किया गया, जिसका संचालन सिमरन, पूजा, मोना,कीर्ति और शायना द्वारा किया गया। वहीं छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए सोशल मीडिया बच्चों के विकास में बाधक या सहायक/" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोचक और विचारोत्तेजक गतिविधि का संचालन हिंदी अध्यापिका ममता द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने पठन माह के अंतर्गत आने वाले दिनों में और भी शैक्षणिक गतिविधियों की योजना बनाई है, जिससे विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि और अधिक बढ़ सके।

---

# विधायक चंद्रप्रकाश ने बारिश से प्रभावित गांवों का किया दौरा

- विधायक ने प्रभावित फसलों का मुआवजा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर



**आदमपुर।** जलभराव की स्थिति का जायजा लेते विधायक चंद्रप्रकाश।

भारी बारिश के चलते जलभराव की समस्या से जूझ रहे आदमपुर हलके के विभिन्न गांवों का विधायक चंद्रप्रकाश ने दौरा किया। उन्होंने गांव सीसवाल, आदमपुर गांव, लाडवी, महलसरा व कोहली में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना।

चंद्रप्रकाश ने मौके पर अधिकारियों को बुलाकर तहसीलदार रामनिवास भादू, एक्सईएन, एसडीओ व जेई से बातचीत की और जल निकासी के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खेतों से पानी की निकासी की व्यवस्था का जायजा भी लिया।

इस मौके पर उन्होंने बारिश से प्रभावित फसलों की गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग भी की। विभिन्न गांवों के किसानों ने विधायक चंद्रप्रकाश को बताया कि लगातार हो रही बारिश से ज्वार, बाजरा, मक्का, कपास, ग्वार व मूंग की फसल काफी प्रभावित हुई है।

### नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा की कार्यकारिणी गठित

# ओमप्रकाश महासचिव और भीमसेन कोषाध्यक्ष बने

- 2 अक्तूबर को 77वां दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा की नई कार्यकारिणी का स्वागत करते प्रधान सुरेश कक्कड़।

नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की बैठक नवनिर्वाचित प्रधान सुरेश कक्कड़ की अध्यक्षता में हुई जिसमें रामलीला सभा की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

समाजसेवी ओमप्रकाश असीजा को पुनः महासचिव तथा भीमसेन नारंग को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इनके अलावा सुरेन्द्र बजाज को वरिष्ठ उपप्रधान, हरिकृष्ण खन्ना, महेश चौधरी, जितेंद्र भारती, रवि भुटानी, हरबंस मदान, अशोक मग्गु को उपप्रधान, सुभाष टीनू आहुजा सह सचिव, महेन्द्र सपड़ा को प्रेस सचिव, रवि मेहता एडवोकेट को कानूनी सलाहकार, शुभम वलेचा को मीडिया प्रभारी, डॉ. हेमंत आहुजा को सह मीडिया प्रभारी, किशनलाल बागड़ी, कश्मीर भ्याणा व विजय ढल को संरक्षक के अलावा भजनलाल अरोड़ा, राधेश्याम भाटिया, नंदलाल चोपड़ा, ब्रह्म नागपाल, देसराज मनचंदा, बलदेव ग्रोवर, मेहरचंद मनचंदा, हंसराज नारंग को सरपरस्त चुना गया। बैठक में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी नई सब्जी मंडी में 2 अक्तूबर को 77वां दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया। दशहरा महोत्सव से पहले 27 सितम्बर को राम बारात निकाली जाएगी। महोत्सव से जुड़े अन्य कार्यक्रम करने पर भी विचार विमर्श किया।

**खबर संक्षेप**

## चैक बाउंस व चोरी केस में दो उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चैक बाउंस व चोरी के मामले में दो उद्घघोषित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी की पहचान चैक बाउंस मामले में जमावड़ी निवासी प्रवीन उर्फ पिना व चोरी मामले में ढाणी कुतुबपुर निवासी योगेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अदालत ने आरोपी प्रवीन को चेक बाउंस मामले में और योगेश को हांसी के चोरी मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## मकान में चोरी के सामान सहित एक गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। शहर थाना हांसी में तैनात एएसआई मुकेश ने बताया कि आरोपी ने 14 जुलाई की रात को राम शरणम् के नजदीक निर्माणाधीन कालोनी में बने कमरे में से एक पानी की मोटर, एक हुक्का, दो लोहा प्लेट, एक लोहा फर्मे व 7 छोटे लोहे के जाल चोरी कर लिए थे। शहर थाना ने जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराया गया सामान व चोरी की वारदात में प्रयुक्त कार को कब्जा पुलिस में ले लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

## हरियाली तीज संकीर्तन आज, तैयारियां पूरी

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में 17 जुलाई को आयोजित किए जाने वाले हरियाली तीज संकीर्तन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संकीर्तन के लिए मोक्ष वृद्धाश्रम को सजाया गया है। इस संकीर्तन में निशा दीदी व सुनीता सातरोडिया की मंडली भजन प्रस्तुत करेगी। इसके साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं संकीर्तन में हिस्सा लेकर इसे यादगार बनाएंगे। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने यह जानकारी दी।

### दुकानदारों को दिया पांच दिन का समय : शालिनी चेतल

# अतिक्रमण हटाने गए निगम अफसरों को दुकानदारों ने गेट बंदकर किया कैद

**पुलिस ने ऑटो मार्केट के दुकानदारों को समझा-बुझाकर करवाया मामला शांत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम ने बुधवार को ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। निगम की कार्रवाई से ऑटो मार्केट के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निगम की कार्रवाई के खिलाफ भारी संख्या में दुकानदार व मिस्त्री एकत्रित हो गए और उन्होंने मार्केट के गेट बंद कर दिए, ताकि निगम अधिकारी उनका सामान अपने साथ न ले जा सके।

घटना के समय अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा समेत निगम के अधिकारी व कर्मचारी मार्केट के गेट के अंदर की कैद हो गए। इस दौरान काफी हंगामा होता रहा। निगम अधिकारियों ने मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। इस पर शहर थाना प्रभारी भारी संख्या में पुलिस बल को लेकर ऑटो मार्केट पहुंचे और दुकानदारों को सामान उठाने के लिए मोहलत दिलवा करवा कर मामले को शांत करवाया है। अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने दुकानदारों व मिस्त्रियों को सड़क से सामान उठाने के लिए 5 दिन का समय दिया है।


इस पूर्व अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल निगम अधिकारियों तथा पुलिस बल के साथ ऑटो मार्केट फेस-3 में पहुंची और दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे सामान तथा कंडम गाड़ियों को उठाने की कार्रवाई शुरू कर दी। दुकानदारों द्वारा रोड पर रखा सामान नगर निगम की टीम ने जब्त किया। निगम की इस कार्रवाई को देखते मार्केट के दुकानदार एकत्रित हो गए और उन्होंने निगम कार्रवाई के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्केट के गेट बंद कर दिया और गेट के सामने खड़े हो गए।

इस दौरान स्थिति बिगड़ते देख निगम अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया। ऑटो मार्केट व्यापारियों ने सामान अपनी परिधि में रखने के लिए समय मांगा। मौजूद अधिकारियों ने ऑटो मार्केट के व्यापारियों को अगले 5 दिन तक पूरा सामान अपनी परिधि में रखने का समय दिया।

इस दौरान एमई अमित बेरवाल, जेई कुशल, जेई राजकुमार, एएसआई राहुल सैनी व सुरेन्द्र शर्मा तहबाजारी टीम सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। ऑटो मार्केट फेस-3 में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को देखती अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल।



हिसार। निगम कार्रवाई के खिलाफ गेट बंद करते युवक।

# ट्रक से टक्कर लगने पर कार हुई क्षतिग्रस्त



हांसी। टक्कर के बाद घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार व कार चालक अध्यापिका के बयान दर्ज करता पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

- एयरबैग खुलने से बची महिला अध्यापिकाओं की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक पर बुधवार सुबह एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई, लेकिन टक्कर के बाद कार के एयरबैग खुल जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि की ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के वक्त कार में दो महिला अध्यापिका सवार थी और दोनों हांसी के शिवलाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आ रही थीं। लेकिन गनिमत रही कि हादसे के बाद कार के एयरबैग खुलने से दोनों की जान बच गई। इस दौरान कार सवार अध्यापिका के गर्दन में मामुली चोट आई है। सूचना मिलने पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कार चालक हिसार निवासी महिला अध्यापिका सरोज एक अन्य अध्यापिका के साथ अपनी कार में सवार होकर हांसी के शिवलाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आ रही थी और जैसे ही उनकी कार गीता चौक पर हांसी की ओर मुड़ रही थी तो दिल्ली से हिसार की ओर जा रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । हालांकि कार सवार अध्यापिका के गर्दन पर मामूली चोट आई है। ट्रक चालक शिकारपुर निवासी राजेश ने बताया कि वह अपने ट्रक में सामान लेकर हिसार जा रहा था। वह गीता चौक पहुंचा तो एक अचानक तेज रफ़्तार कार उसके ट्रक के सामने आ गई और ट्रक के साथ टक्कर हो गई। स्कूल स्टाफ के काफी सदस्य मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सिंचाई अधिकारी नहर में डाल रहे सीवरेज का पानी

- किसानों ने किया विरोध, आवाज नहीं सुनीं तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बड़ी कारस्तानी सामने आई है। विभाग ने चार स्थानों पर पंपसेट लगाकर सीवर का पानी नहरी जल में मिलाया जा रहा है और यह दूषित पानी हिसार व भिवानी जिले के 100 से अधिक गांवों के जल घरों तक पहुंच रहा है।

सिंचाई विभाग के इस कार्य का बालसमंद क्षेत्र के किसान संगठनों ने कार्य का विरोध किया है। किसानों ने उपायुक्त और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मिलकर इसे तुरंत बंद करने की मांग की है। किसान संघर्ष समिति के प्रधान सुरेंद्र आर्य ने बताया कि 16 दिन की नहर बंदी के बाद सोमवार को पानी आया। मंगलवार से ही सीवर का पानी नहरों में डाला जाने लगा। अभी तक सभी गांवों के जलघर नहीं भरे हैं। फिर भी सीवर का पानी 100 से अधिक जलघरों तक पहुंच रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि उन्होंने सिंचाई विभाग के साथ कई बैठकों में इस प्रोजेक्ट का विरोध किया था। इसके बावजूद विभाग ने जानबूझकर यह कार्य शुरू कर दिया है। इस कार्रवाई क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। जल घर तक आने वाली पाइपलाइन में नहर के जरिए गंदा पानी पहुंचने की सूचना जैसे ही किसानों को मिली तो विरोध करने बालसमंद क्षेत्र के किसान नहरी विभाग के एसई कार्यालय में पहुंचे लेकिन यहां पर सभी अधिकारी कार्यालय में नहीं मिले। किसान नहरी विभाग के अधिकारियो से बातचीत कर उपायुक्त अनीश यादव से मिलकर इसको हटवाने का आग्रह करेंगे। अगर सहमति नहीं बनी तो किसान विरोध में धरना प्रदर्शन कर पंपसैट को उखाड़ फेंक देंगे।



हिसार। पंपसेट लगाकर नहर में डाला जा रहा ड्रेन का पानी। फोटो : हरिभूमि

**क्या बोले चिकित्सक**

नागरिक अस्पताल के डॉ. सुभाष खतरेजा का कहना है कि नहरी पानी में ड्रेन का गंदा पानी डालने से कई बीमारियां फैल सकती हैं। इन बीमारियों में मुख्य रूप से जलजनित रोग जैसे हैजा, टाइफाइड, पेचिश जैसी बीमारियां हो सकती हैं, दूषित पानी में हेपेटाइटिस ए और ई जैसे वायरस हो सकते हैं, जो गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं, ई. कोलाई, साल्मोनेला जैसे बैक्टीरिया दूषित पानी में पाए जा सकते हैं, जो दस्त, उल्टी और पेट दर्द जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं, दूषित पानी में परजीवी जैसे कि गरार्डिया और क्रिप्टो स्पोरिडियम हो सकते हैं, जो पेट की समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

# होली चाइल्ड स्कूल की दो छात्राओं का हरियाणा कोर्फबॉल टीम में चयन

- विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने छात्राओं को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नौवीं कक्षा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं तमन्ना और रिया का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा राज्य टीम में हुआ है।

दोनों छात्राओं ने हाल ही में रोहतक में आयोजित चयन ट्रायल्स में भाग लिया, जहां उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम में जगह दी गई। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता आगामी 23 जुलाई से 27 जुलाई को चेन्नई में आयोजित होगी, जिसमें तमन्ना और रिया हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। यही कारण है कि विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद ने जानकारी दी कि दोनों छात्राएं बचपन से ही खेलों के प्रति समर्पित रही हैं।



हिसार। प्रधानाचार्या और खेल प्रशिक्षक के साथ चयनित छात्राएं।

# पुलिस ने दबंगों को दिए नोटिस

- पुलिस ने स्पेशल अभियान चलाकर दबंग प्रवृत्ति के 185 लोगों की पहचान की
- चिन्हित में से 34 व्यक्ति जेल में, नोटिस देने पहुंचे पुलिस कर्मियों को 50 घर में नहीं मिले हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार पुलिस जिला हांसी में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए दबंग, उपद्रवी तथा समाज विरोधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में पुलिस जिला हांसी के सभी थाना प्रबन्धकों व चौकी प्रभारियों ने स्पेशल अभियान चलाकर कुल 185 ऐसे लोगो की पहचान की है। ऐसे 101 व्यक्तियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 172(1) के तहत नोटिस जारी कर तामिल करवाए गए हैं। 34 व्यक्ति इस समय जेल में है और 50 व्यक्ति नोटिस देने पहुंचे पुलिस कर्मियों को अपने घर पर हाजिर नही मिलें जो अपने किसी निजी कार्य से बाहर गए हुए है।



अमित यशवर्धन, एसपी।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि जो व्यक्ति बार-बार शांति भंग करने या आम जनता को डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ऐसे लोगों पर लगातार निगरानी रख रही है ताकि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था प्रभावित न हो।

एसपी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 172 (1) के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति समाज में शांति व्यवस्था के लिए खतरा बनता है अथवा उसकी गतिविधियां सार्वजनिक सुरक्षा को प्रभावित करती हैं, तो उसे नोटिस देकर यह चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में ऐसे गतिविधि दोहराए जाने पर उसके विरुद्ध भारतीय न्याया संहिता की धारा 172(2) के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बरवाला में सीवरेज, पेयजल तथा एसटीपी कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि को दी प्रशासनिक स्वीकृति

**हिसार।** प्रदेश सरकार ने बरवाला शहर में सीवरेज व्यवस्थाओं के विस्तार, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट इत्यादि कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि मंजूर करते हुए विभिन्न कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि बरवाला शहर में बहुत से क्षेत्र सीवरेज सुविधाओं से वंचित है, इनके अलावा कुछ नई कॉलोनियां भी बनी है। ऐसे में शहर की विभिन्न कॉलोनियों में सीवरेज व्यवस्था में सुधार करते हुए 200 मिमी, 250 मिमी, 300 मिमी, 350 मिमी, 400 मिमी और 800 मिमी सीवर लाइन बिछाई जाएगी। एक एसटीपी और एक एमपीएस के निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर मैनहोल का निर्माण कार्य भी किया जाएगा। इन सभी कार्यों का 2372.54 लाख रुपये की अनुमानित लागत आएगी।

उन्होंने कहा कि बरवाला शहर में जलापूर्ति व्यवस्था के अपग्रेडेशन के लिए जाने वाले विभिन्न कार्यों के लिए भी 1387.38 लाख रुपये की लागत से विभिन कार्य करवाए जाएंगे। वर्तमान में बरवाला शहर के विभिन्न स्थानों पर 2 नहर आधारित जलघर और 5 बूस्टिंग स्टेशन स्थित हैं। शहरी क्षेत्र के विस्तार और बढ़ती आबादी के चलते इनका विस्तार किया जाना वर्तमान समय की जरूरत है। नई कॉलोनियों तथा अभी तक जलापूर्ति सुविधाओं से वंचित कालोनियों में जलापूर्ति सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जल उपचार संयंत्र सहित अन्य कार्य करवाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि बरवाला कस्बे में मौजूदा एसटीपी से उपचारित अपशिष्ट के निपटान के लिए नगर पालिका बरवाला द्वारा 7 एकड़ की एक तालाब भूमि प्रदान की गई थी, जो एसटीपी और बरवाला कस्बे के बरसाती पानी के निपटान के लिए काफी है।



रणबीर सिंह गंगवा, कैबिनेट मंत्री।

# सर्वेश हेल्थ सिटी ने हिसार में पहली बार इकमो थैरेपी से जीवन बचाया

- यह केस टीम वर्क और मरीजों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण : कालरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सर्वेश हेल्थ सिटी में पहली बार एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन (इकमो) थैरेपी की सहायता से सल्फास ज़हर से पीड़ित एक 40 वर्षीय युवक की जान बचाई गई है। यह सफलता न केवल सर्वेश हेल्थ सिटी बल्कि पूरे हिसार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

यह दावा करते हुए सर्वेश हेल्थ सिटी के चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. सरिता कालरा ने कहा कि यह केस हमारे मेडिकल और टेक्निकल कौशल, टीम वर्क और मरीजों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम आईएमए हिसार चिकित्सा समुदाय व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हम पर विश्वास जताया। डॉ. कालरा के अनुसार सर्वेश हेल्थ सिटी ने एक बार फिर जीवन रक्षक चिकित्सा सेवाओं की अपनी उत्कृष्टता को सिद्ध करते हुए सल्फास विषाक्तता के गंभीर मामले में इकमो और सीआरआरटी थेरेपी के माध्यम से एक 40 वर्षीय मरीज की जान बचाई है।



हिसार। इलाज के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीज के साथ डॉ. उमेश कालरा व उनकी टीम। फोटो :हरिभूमि

## ड्रेन टूटने से बडाला गांव में कृषि भूमि जलमग्न

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव बास के पास उगालन गांव से आने वाली ड्रेन टूटने से बडाला गांव में लगभग 500 एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। खेतों में खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान का खतरा है। सिंचाई विभाग ने बुधवार को जेसीबी मशीन से ड्रेन की साइड में मिट्टी डालकर पानी रोकने का प्रयास किया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ड्रेन में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। अगर एक-दो दिन में स्थिति नहीं सुधरी तो पूरा गांव पानी की चपेट में आ सकता है। किसान जोगेंद्र, अनूप भांभू, विजय फौजी समेत कई लोगों ने बताया कि लगभग 100 एकड़ धान की फसल पूरी तरह डूब चुकी है। उनका आरोप है कि बारिश से पहले सिंचाई विभाग ने ड्रेन की सफाई नहीं करवाई।इसी कारण पानी का बहाव रुका और दबाव बढ़ने से ड्रेन टूट गई। किसानों ने ड्रेन को पाटकर पानी की निकासी की मांग की है। साथ ही फसल के नुकसान का उचित मुआवजा देने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि प्रशासन के जल्द कदम न उठाने पर वे आंदोलन करेंगे।



नारनौंद। जेसीबी की सहायता से दरार पाटने का प्रयास करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### कीट विज्ञान विभाग की ओर से तकनीकी कार्यक्रम संपन्न

# कीट प्रबंधन तकनीकें विकसित करने की सलाह

- कीट प्रतिरोधी किस्मों के विकास, जैव-कीटनाशकों एवं मित्र कीटों के संवर्धन की महत्ता बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग की ओर से गत वर्ष 2024-25 की अनुसंधान योजनाओं की समीक्षा एवं वर्ष 2025-26 के लिए नई योजनाओं का प्रारूप तैयार करने के लिए तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि जबकि अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अनुसंधान विभाग के अधिकारी, विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

कुलपति ने वैज्ञानिकों को रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर जैविक एवं पर्यावरण-अनुकूल कीट प्रबंधन तकनीकें विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने फसल-प्रणाली आधारित एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) पर जोर देते हुए कीट प्रतिरोधी किस्मों के विकास, जैव-कीटनाशकों एवं मित्र कीटों के संवर्धन की महत्ता बताई। उन्होंने कपास में गुलाबी सुंडी, गन्ने में बोरर तथा अन्य प्रमुख फसलों में कीट प्रकोप के समयबद्ध प्रबंधन के लिए नवीनतम तकनीकों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

कुलपति ने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक इन दिशा-निर्देशों का पालन कर प्रदेश के किसानों के हित में सशक्त योगदान देंगे। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने वैज्ञानिकों को सभी प्रमुख फसलों के हानिकारक कीटों की पहचान, जीवन-चक्र क्षति-लक्षण एवं प्रबंधन पद्धतियों पर आधारित विस्तृत कैटलॉग अथवा एटलस तैयार करने की सलाह दी। कार्यशाला के समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता यादव ने सभी उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. सुरेन्द्र धनखड़, डॉ. सुरेन्द्र यादव, डॉ. सुरेश सीला व डॉ. रामनिवास श्योकंद उपस्थित रहे।



हिसार। एचएयू के कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**पेशाब**

की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar